महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)

प.सं. 3-4/2021(प्र.वि.)/मसारावेविप्र/(भाग-III)

दिनांक : 28-05-2025

## सूचना - 1707

विज्ञापन (3-4/2021(प्र.वि)/मसारावेविप्र/1632 दिनांकित 01-03-2025) की अंतिम तिथि तक प्रतिष्ठान में हार्ड कॉपी स्वरूप में प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की प्रारंभिक जांच के आधार पर अधोलिखित अभ्यर्थियों को लेखाकार, कनिष्ठ आशुलिपिक एवं अवर श्रेणी लिपिक के पद के लिए लिखित परीक्षा में बैठने हेतु **अनंतिम रूप से पात्र** पाया गया है। मूल अभिलेखों / प्रमाणपत्रों के अंतिम सत्यापन तक उनकी अभ्यर्थिता अनंतिम रहेगी।

**अनंतिम रूप से पात्र अभ्यर्थियों के लिए सूचना:**

- लेखाकार, कनिष्ठ आशुलिपिक एवं अवर श्रेणी लिपिक के पदों के लिए आवेदनों की लघु सूचीयन केवल उन अभ्यर्थियों के लिए की गई है, जिनके आवेदन पत्र की हार्डकॉपी विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार अंतिम तिथि यानी 15 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठान में प्राप्त हुई थी।
- लिखित परीक्षा की संभावित तिथि **19.07.2025 (शनिवार)** रहेगी।
- अभ्यर्थियों को सरकार द्वारा जारी पहचान प्रमाण (मूल प्रति) यथा आधार कार्ड / पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस / पैन कार्ड / वोटर कार्ड आदि प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसके बिना अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। उपर्युक्त प्रलेखों की कोई छायाप्रति(फोटो कॉपी) स्वीकार नहीं की जाएगी।
- लिखित परीक्षा में बैठने से पूर्व अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता एवं प्रासंगिक अनुभव के मूल प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे।
- यदि भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी का शैक्षिक, अनुभव एवं जाति प्रमाणपत्र त्रुटिपूर्ण पाया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी तथा उसे प्रतिष्ठान में भविष्य की भर्ती हेतु प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।
- सभी अनंतिम रूप से पात्र अभ्यर्थियों को **31 मई, 2025** तक या उससे पूर्व **टिप्पणी कॉलम** में उल्लिखित प्रासंगिक प्रलेखों को ई-मेल के माध्यम से प्रतिष्ठान को msrvvpujn@gmail.com पर प्रेषित करने होंगे। प्रलेखों को प्रेषित करने के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत समय बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर प्रतिष्ठान विचार नहीं करेगा।

नोट : निजी सचिव के पद हेतु अभ्यर्थियों को यथासमय सूचित किया जाएगा ।

सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अन्य अपडेट हेतु नियमित रूप से वेबसाइट (www.msrvvp.ac.in) का अवलोकन करें ।

28/5/2025

(प्रो .विरूपाक्ष वि .जड्डीपाल)
सचिव

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in